## कार्यक्रमः बी.ए.एम. (शिक्षा) और बी.ए.जी. (शिक्षा)

## बी.ई.एस.सी.–131 शिक्षा : सम्प्रत्यय, प्रकृति एवं परिप्रेक्ष्य

## अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.सी.–131

नियतकार्य कोडः बी.ई.एस.सी.–131 / जनवरी और जुलाई 2026

कुल अंक : 100

तीन नियतकार्य हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। नियतकार्य प्रश्नों के कुल अंक 100 हैं।

### नियतकार्य अ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. शिक्षा के लोकतांत्रिक उद्देश्य की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। शिक्षा के लोकतांत्रिक उद्देश्य के पक्ष और विपक्ष में तर्कों की परिचर्चा कीजिए। **20**
2. शिक्षा के उद्देश्यों, पाठ्यचर्या, शिक्षणशास्त्र और शिक्षक और विद्यार्थियों के मध्य सम्बन्ध के विशेष सन्दर्भ में महात्मा गाँधी के शैक्षिक दर्शन की परिचर्चा कीजिए। **20**

### नियतकार्य ब

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए।

3. मुक्त एवं दूरस्थ अधिगम और ऑनलाइन शिक्षा प्रणालियों में तुलना कीजिए और वैषम्य स्थापित कीजिए। **12**

4. दर्शन और शिक्षा एक दूसरे से किस प्रकार अन्तःसम्बन्धित हैं? व्याख्या कीजिए। **12**

5. शैक्षिक मनोविज्ञान की एक विधि के रूप में प्रेक्षण की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। **12**

6. शिक्षा में असमानता के कारणों की व्याख्या कीजिए। **12**

## नियतकार्य स

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 125 शब्दों में) दीजिए।

7. प्रायोगिक विधि की महत्वपूर्ण विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **6**

8. औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा की अवधारणा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **6**

**********************

**कार्यक्रमः बी.ए.एम. (शिक्षा) और बी.ए.जी. (शिक्षा)**

**बी.ई.एस.सी.–132 शिक्षा की संरचना एवं प्रबन्धन**

**अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य**

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.सी.–132

नियतकार्य कोडः बी.ई.एस.सी.–132 / टी.एम.ए. / जनवरी और जुलाई 2026

कुल अंक : 100

तीन नियतकार्य हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। नियतकार्य प्रश्नों के कुल अंक 100 हैं।

**नियतकार्य अ**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए। (प्रत्येक के लिए 20 अंक)

1. भारत में संवैधानिक प्रावधान किस प्रकार शैक्षिक अभिशासन को आकार प्रदान करते हैं? व्याख्या कीजिए। अपने उत्तर में प्रस्तावना के शैक्षिक निहितार्थों, शिक्षा से सम्बन्धित किन्हीं दो अनुच्छेदों (अनुच्छेद 21ए सहित) की परिचर्चा कीजिए और अपनी परिचर्चा को शिक्षा के अधिकार अधिनियम और एक सम्बन्धित सांस्थानिक तंत्र (उदाहरण के लिए, एन.सी.पी.सी.आर. / एस.सी.पी.सी.आर.) से जोड़िये।
2. भारत में किन्हीं दो शैक्षिक आयोगों / समितियों (उदाहरण के लिए, विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग, माध्यमिक शिक्षा आयोग, भारतीय शिक्षा आयोग, राष्ट्रीय ज्ञान आयोग) की संस्तुतियों का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए। उनकी मूल संस्तुतियों, प्रमुख गुण–दोषों / सीमाओं को उजागर कीजिए और वर्तमान शैक्षिक अभिशासन के लिए उनकी प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए।

## नियतकार्य ब

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए। (प्रत्येक के लिए 12 अंक)

3. भारत में विद्यालय अभिशासन कई हितधारकों/पक्षों को सम्मिलित करता है। केन्द्र और राज्य सरकारों की भूमिका की संक्षेप में व्याख्या कीजिए और पी.पी.पी./गैर–राज्य हितधारकों/पक्षों/अभिकर्ताओं (नान–स्टेट ऐक्अर्स) के विशेष सन्दर्भ में गैर–सरकारी संस्थाओं की भूमिका पर एक बिन्दु जोड़िये।
4. पूर्व–प्राथमिक शिक्षा के अभिशासन और प्रबन्धन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। सन्दर्भित कीजिए सांस्थानिक संरचनाओं को जैसे आँगनवाड़ी/खेल विद्यालय (प्ले स्कूल) और व्याख्या कीजिए कि किस प्रकार पूर्व प्राथमिक प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ता/जोड़ता है।
5. भारत में माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा की संरचना और प्रबन्धन की व्याख्या कीजिए। प्रबन्धन/नियामक निकायों के प्रकारों का उल्लेख कीजिए और माध्यमिक स्तर पर समावेशी शिक्षा पर एक बिन्दु लिखिए।
6. उच्च शिक्षा में एक मुख्य अभिशासन चुनौती की व्याख्या कीजिए। किसी एक का चयन कीजिएः (अ) गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की उपलब्धता, (ब) मूल्यांकन और ''कुंजी संस्कृति'' (कुंजी कल्चर), (स) नियामक विरोधाभास (रेगुलेटरी कन्ट्राडिक्शन) (यू.जी.सी./अन्य निकाय)। एक संक्षिप्त समीक्षात्मक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

## नियतकार्य स

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 125 शब्दों में) दीजिए। (प्रत्येक के लिए 6 अंक)

7. शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन से क्या आशय है? किन्हीं दो अभिकरणों/संरचनाओं (ढाँचों) (उदाहरण के लिए एन.ए.ए.सी., एन.बी.ए., क्यू.सी.आई., एन.आई.आर.एफ.) और एक उद्देश्य जो वे पूरा करते हैं, का उल्लेख कीजिए।

8. शैक्षिक प्रबन्धन में ई–अभिशासन (ई–गवर्नैन्स)/ऑन लाइन अधिगम पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। किन्हीं दो तत्वों (उदाहरण के लिए ओ.ई.आर. प्रमाणीकरण और सुरक्षा, ई–संसाधन प्रबन्धन (ई–रिसोर्स मैनेजमेंट) और संस्थाओं के लिए एक निहितार्थ का उल्लेख कीजिए।

*********************

## कार्यक्रमः बी.ए.एम. (शिक्षा) और बी.ए.जी. (शिक्षा)

## बी.ई.एस.सी.–133ः पाठ्यचर्या, शिक्षण–अधिगम

## अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.सी.–133

नियतकार्य कोडः बी.ई.एस.सी.–133/टी.एम.ए./जनवरी और जुलाई 2026

कुल अंक : 100

तीन नियतकार्य हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। नियतकार्य प्रश्नों के कुल अंक 100 हैं।

### नियतकार्य अ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. पाठ्यचर्या नियोजन के अर्थ की व्याख्या कीजिए। पाठ्यचर्या नियोजन के विविध सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। **20**

2. अधिगम क्या है? विभिन्न प्रकार के अधिगम की परिचर्चा कीजिए। **20**

### नियतकार्य ब

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए।

3. सकारात्मक अनुशासन के माध्यम से आप बच्चों के व्यवहार का प्रबन्धन किस प्रकार कर सकते हैं? परिचर्चा कीजिए। **12**

4. प्रत्येक के लिए एक–एक उदाहरण के द्वारा शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में प्रयोग किये जाने वाले दृश्य संसाधनों का सविस्तार प्रतिपादन कीजिए। **12**

5. पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक (करिकुलम, सिलेबस ऐन्ड टेक्स्ट बुक) में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **12**

6. अधिगम अनुभवों की रूपरेखा तैयार करने (डिज़ाइनिंग लर्निंग इक्सपिरियेंसेज) के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए। **12**

## नियतकार्य स

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 125 शब्दों में) दीजिए।

7. आप सामाजिक कौशलों का आकलन किस प्रकार करते हैं? **6**

8. एक उदाहरण के द्वारा समता (निष्पक्षता इक्विटी) और समानता में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **6**

**********************

# कार्यक्रमः बी.ए.एम. (शिक्षा) और बी.ए.जी. (शिक्षा)

## बी.ई.एस.सी.–134: अभ्यास के रूप में शिक्षा

## अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.सी.–134

नियतकार्य कोडः बी.ई.एस.सी.–134 / टी.एम.ए. / जनवरी–जुलाई 2026

कुल अंक : 100

नियतकार्य प्रश्न तीन खण्डों के अन्तर्गत दिए गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## नियतकार्य अ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. शिक्षा में सर्वोत्तम व्यवहारों के प्रसार के लिए तरीकों और उद्देश्यों पर परिचर्चा कीजिए। **(20)**

2. दिव्यांगता (डिसएबिलिटी) को समझने के विभिन्न उपागमों की परिचर्चा कीजिए। **(20)**

## नियतकार्य ब

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए।

3. निम्नलिखित आँकड़े के लिए माध्य, माध्यिका और बहुलक (मीन, मीडियन ऐन्ड मोड) की गणना कीजिए। **(12)**

| वर्ग अन्तराल | 10-14 | 15-19 | 20-24 | 25-29 | 30-34 | 35-39 | 40-45 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता / आवृत्ति | 6 | 8 | 10 | 12 | 8 | 5 | 3 |

4. सामान्य सम्भाव्यता वक्र (एन.पी.सी.) से आप क्या समझते हैं? उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा एन.पी.सी. के गुणों (प्रॉपर्टी) का वर्णन कीजिए। **(12)**

5. उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से क्रियात्मक अनुसन्धान के सोपानों का वर्णन कीजिए। **(12)**

6. नाली–काली (Nali-Kali) परियोजना क्या है? किस तरह यह एक नवाचारी परियोजना थी? **(12)**

## <u>नियतकार्य स</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 125 शब्दों में) दीजिए।

7. आँकड़ों के त्रिकोणीकरण (ट्रायंगुलेशन ऑफ डाटा) के महत्व की व्याख्या कीजिए। **(6)**

8. 'कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय' की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **(6)**

**********************

# कार्यक्रमः बी.ए.जी. (शिक्षा)

## बी.ई.एस.ई.–141: शिक्षा में आई.सी.टी.

## अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.ई.–141

नियतकार्य कोडः बी.ई.एस.ई.–141 / टी.एम.ए. / जनवरी और जुलाई 2026

कुल अंक : 100

नियतकार्य के तीन खण्ड हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**खण्ड – अ**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. शैक्षिक प्रक्रिया में आई.सी.टी. का प्रयोग करते समय वे कौन से कारक है जिन पर विचार करने की आवश्यकता है? **20**
2. निर्देशनात्मक प्रस्तुतीकरण / वितरण (इन्स्ट्रक्शनल डेलीवरी) से आप क्या समझते हैं? एम.ओ.ओ.सी.एस (मूक्स) में अनुपालन की जाने वाली निर्देशनात्मक प्रस्तुतीकरण / वितरण पद्धति (डेलीवरी सिस्टम) की परिचर्चा कीजिए। **20**

**खण्ड – ब**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए।

3. निर्देशनात्मक प्रस्तुतीकरण / वितरण (इन्स्ट्रक्शनल डेलीवरी) के कम्युनिटी ऑफ इन्क्वायरी (सी.ओ.आई - COI) मॉडल की सविस्तार व्याख्या कीजिए। **12**

4. शैक्षिक प्रबन्धन में आप आई.सी.टी. का प्रयोग किस प्रकार करेंगे? अपनी पसन्द के कोई दो उदाहरण देते हुए परिचर्चा कीजिए। **12**

5. समावेशी कक्षाकक्षों में आई.सी.टी. को एकीकृत करने के अवरोधों की व्याख्या कीजिए। इसको सुधारने के लिए अपने सुझाव दीजिए। **12**

6. आजीवन अधिगम में आई.सी.टी. की भूमिका की परिचर्चा कीजिए। **12**

## खण्ड – स

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 125 शब्दों में) दीजिए।

7. शैक्षिक संचार को प्रभावित करने वाले कारकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **6**

8. अधिगम विश्लेषिकी (लर्निंग एनलिटिक्स) से आप क्या समझते हैं? **6**

*********************

# कार्यक्रमः बी.ए.जी. (शिक्षा)

## बी.ई.एस.ई. (BESE)–142: जीवनपर्यनत अधिगम

## अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.एस.ई.–142

नियतकार्य कोडः बी.ई.एस.ई.–142/ जनवरी और जुलाई 2026

कुल अंक : 100

तीन नियतकार्य हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। नियतकार्य प्रश्नों के कुल अंक 100 हैं।

### नियतकार्य अ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. भारत में जीवनपर्यन्त अधिगम के विकास में सामाजिक आन्दोलनों की भूमिका की व्याख्या कीजिए। **20**
2. जीवनपर्यनत अधिगम में प्रतिभागियों के रूप में शिक्षकों और विद्यार्थियों की भूमिका की परिचर्चा कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त उदाहरणों द्वारा कीजिए। **20**

### नियतकार्य ब

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए।

3. प्रौढ़ शिक्षा के उग्र (रेडिकल) दृष्टिकोण पर गाँधी जी और टैगोर के विचारों की तुलना कीजिए। **12**

4. सतत् पोषणीय विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में जीवनपर्यन्त अधिगम की भूमिका की व्याख्या कीजिए। **12**

5. व्यावहारिक समुदाय (कम्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस्) की अवधारणा की परिचर्चा कीजिए। **12**

6. एक संसाधन के रूप में समुदाय की भूमिका की व्याख्या कीजिए। **12**

## नियतकार्य स

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 125 शब्दों में) दीजिए।

7. जीवनपर्यन्त अधिगम की पाठ्यचर्या की प्रकृति की परिचर्चा कीजिए। **6**

8. जीवन कौशलों और जीवनपर्यन्त अधिगम के मध्य सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए। **6**

**********************